लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **शिवांगी स्वर्णकार,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 66 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः— 24.07.2019

श्री रमेश चन्द्र गदिया C/O केसरिया जनरल स्टोर, महावीर चौक बडीसादडी

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

**निर्णय**

**दिनांक 13.08.2019**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 28.05.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 66 / 2019 / (13.08) / 305 दिनांक 24.07.2019 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर को दिनांक 13.08.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 13.08.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तथा न ही सहायक लोक सूचना अधिकारी

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

| प्रकरण संख्या 66 / 2019 (सू.अ.) |
| --- |
| श्री रमेश चन्द्र गदिया निवासी बडीसादडी बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर |

(राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत किये।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 28.05.2019 से श्री भूपेन्द्र सिंह चन्दावत वरिष्ठ लिपिक, उपखण्ड कार्यालय भदेसर के स्थानान्तरण संबंधी सूचना / प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर को अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(शिवांगी स्वर्णकार)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 66 / 2019(सू.अ.) / 367 दिनांकः– 13 / 08 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, भदेसर
2. श्री रमेश चन्द्र गदिया C/O केसरिया जनरल स्टोर, महावीर चौक, बडीसादडी

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)